





# सुबह हुई झमाझम बारिश और शाम को तेज आंधी से ठप्प हुई विद्युत आपूर्ति

## अधिकतम तापमान में आई गिरावट, दिन भर छाये रहे बादल, खरीदी केन्द्र में भींगा गेहूं

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, पिछले 15 दिनो से जिले में भीषण गर्मी पड़ रही थी और दो दिन से अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ. गुरूवार की सुबह आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई और शाम को तेज आंधी तूफान के साथ बूंदाबांदी से विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई. कई जगह विद्युत लाइने टूटने के कारण ब्लैकआउट रहा. बारिश के चलते तापमान में गिरावट आने के साथ दिन भर मौसम में ठंडक रही.**





सुबह अचानक तेज गरज के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई. सुबह 6 बजे से लेकर 10.30 बजे तक रिमझिम बारिश होती रही और दिन भर बादल छाये रहे. अन्य दिनो के अपेक्षा मौसम अच्छा रहा, गर्मी से लोगो को राहत मिली. बारिश के कारण गेंहू की फसल को आंशिक नुकसान हुआ है. खरीदी केन्द्रो में खुले आसमान के नीचे रखे गेंहू में पानी गिरने के कारण गीला हो गया. दरअसल अचानक हुई बारिश के चलते कोई व्यवस्था नही बन पाई, लिहाजा गेंहू भींग गया. अगर तेज बारिश होती जो ज्यादा नुकसान होता. रीवा एवं मऊगंज कलेक्टर ने मौसम को देखते हुए खरीदी केन्द्रो में तिरपाल-पन्नी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है ताकि बेमौसम बारिश होने पर गेंहू को बचाया जा सके. कई जगह तेज बारिश के कारण नुकसान हुआ है. किसान जो ट्रैक्टर ट्राली में गेंहू लोड़ कर खड़े थे उनका गेंहू भी भीग गया. अभी दो दिन तक मौसम इसी तरह से रहेगा.

### ठप रही विद्युत आपूर्ति

सुबह और शाम को आई तेज आंधी के चलते विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है. ग्रामीण क्षेत्रो में कई जगह विद्युत लाइन टूटने के कारण दिन भर विद्युत आपूर्ति बंद रही. शाम को भी आंधी तूफान के कारण मरम्मत कार्य नही हो पाया. जबकि शहरी क्षेत्र में दोपहर विद्युत आपूर्ति बहाल रही लेकिन शाम को आए आंधी तूफान के चलते विद्युत सप्लाई ठप्प हो गई और कई मोहल्लो में ब्लैक आउट रहा. शाम 7 बजे से लेकर 10 बजे तक शहर के मुख्य बाजार की विद्युत सप्लाई ठप्प रही. कुछ मोहल्लो की सप्लाई देर रात बहाल हो गई जबकि दर्जन भर मोहल्लो में ब्लैक आउट रहा.

### दिन का अधिकतम तापमान रहा 32 .2 डिग्री

अन्य दिनो के अपेक्षा गुरूवार को मौसम ठंडा रहा, सुबह हुई बारिश के कारण तापमान में सीधे 14 डिग्री की गिरावट आई है. अन्य दिनो में जहा 43 से 44 तापमान रहता था वही सीधे 32 डिग्री तापमान पहुंच गया. दिन भर बादल छाये रहे जिसके कारण गर्मी से राहत मिली. जबकि रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा. आने वाले दिनो में तापमान बढ़ेगा जैसे ही मौसम साफ होगा. अभी दो दिन तक गर्मी से राहत रहेगी.





# आरटीओ ने 13 बसों का काटा चालान बिना परमिट एक बस जब्त

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, यात्री बसों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़, के चलते सुरक्षा मानकों एवं परमिट फिटनेस की अनदेखी को लेकर रीवा परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है.**

परिवहन विभाग रीवा ने रीवा सतना मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया. जिसमें 13 बसों पर चालानी कार्यवाही की गई जिसमे एक बस बिना परमिट के पकड़ी गई, जिसे जप्त कर लिया गया. परिवहन विभाग ने यात्री बसों पर बढ़ती भीड़ के कारण बसो में यात्रियो के ओवरलोडिंग की विशेष जाँच की. कई बसें निर्धारित सीट क्षमता से ज्यादा यात्रियों को ले जा रही थीं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है. साथ ही कुछ बसों में परमिट, फिटनेस मानकों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाई गई जांच अभियान के दौरान रीवा- सतना मार्ग पर चल रही बसों की गहन जांच की गई. टीम ने पाया कि 13 बसें सुरक्षा मानकों और नियमों का उल्लंघन कर रही थीं. इनमें से अधिकांश बसों पर ओवरलोडिंग (अत्यधिक भीड़) के कारण चालान जारी किए गए. वहीं एक बस पूरी तरह बिना परमिट के संचालित पाई गई, जिसे तुरंत जप्त कर लिया गया. परिवहन विभाग ने बस संचालकों को समझाइस दी कि बसों का परिवहन परमिट शर्तों के अनुसार ही करें. भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे. उन्होंने बस ऑपरेटरों और ड्राइवरों से अपील की कि वे निर्धारित सीट क्षमता से अधिक यात्री न ले जाएं, सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें.

## संक्षिप्त

### कलेक्टर ने 5 एसएडीओ को दिया नोटिस

**रीवा,**, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने 5 वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों एसएडीओ को कारण बताओ नोटिस दिया है. नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की रोकथाम में लापरवाही बरतने पर नोटिस दिया गया है. नोटिस का तीन दिन में संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी. कलेक्टर ने वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गंगेव शिवशरण सरल, जवा केके कोल, सिरमौर तथा रीवा बीपी सिंह, त्योंथर टीआर त्रिपाठी और रायपुर कर्चुलियान रामजी पाण्डेय को नोटिस दिया है. कलेक्टर ने कहा है कि जिले में नरवाई जलाने की 153 घटनाएं सेटेलाइट के माध्यम से रिपोर्ट की गई हैं. इनमें शासन के निर्देशों के अनुरूप 48 घंटे की समय सीमा में समुचित कार्यवाही न करने पर नोटिस दिया गया है.

### कलेक्टर ने सहायक संचालक को दिया नोटिस

**रीवा,** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग श्रीमती अंजना सिंह को कारण बताओ नोटिस दिया है. जारी नोटिस के अनुसार 28 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई से अनुपस्थित रहने तथा वीडियो कान्फ्रेंसिंग लिंक से जनसुनवाई में शामिल न होने पर नोटिस दिया गया है. कलेक्टर ने कहा है कि जनसुनवाई में मत्स्य पालन विभाग का कोई अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था जिसके कारण विभागीय आवेदन पत्रों की सुनवाई में बाधा आई. यह कृत्य शासन की उच्च प्राथमिकता के कार्यक्रम के प्रति घोर लापरवाही प्रकट करता है, जिसके कारण नोटिस दिया गया है.

### कमिश्नर 8 को करेंगे सड़क निर्माण की समीक्षा

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद 8 मई को कमिश्नर कार्यायल सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण की समीक्षा करेंगे. बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा एनएचएआई द्वारा बनाई जा रही सड़कों की समीक्षा की जाएगी.

### नीट परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**रीवा** नीट (यूजी) परीक्षा 2026 का आयोजन 3 मई रविवार को रीवा शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा. परीक्षा के सफल आयोजन, परीक्षा में अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर उनकी तत्संबंधी जानकारी प्रदाय करने एवं परीक्षा आयोजन में किसी तरह से कोई आवश्यकता पड़ने पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. जिला स्तरीय कंट्रोल रूम डिप्टी कलेक्टर कक्ष क्रं. 23 कलेक्टर कार्यालय में बनाया गया है जिसका दूरभाष क्रमांक 07662-255143 है.



### जय प्रकाश बने क्षेत्रीय अध्यक्ष

**रीवा,**म.प्र.विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक प्रांतीय अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह की अध्यक्षता में, हरेन्द्र श्रीवास्तव प्रांतीय महासचिव, बी.पी. सिंह प्रांतीय अध्यक्ष जेनरेशन, प्रदीप कुमार द्विवेदी प्रांतीय उपाध्यक्ष इंदौर, वैदेही शरण चतुर्वेदी एवं डॉ. एल. के. मिश्रा की उपस्थिति में श्रम कल्याण केन्द्र अमहिया पावर हाउस में संपन्न हुई. जिंसमें प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में रीवा क्षेत्र की कार्यकारिणी शाखा के पुनगर्ठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई. जिसमें सर्वसम्मत से पदाधिकारियों का चुनाव कर कार्यकारिणी का गठन किया गया. जिसमें जयप्रकाश मिश्रा को क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं रामायण प्रसाद मिश्रा को क्षेत्रीय सचिव निर्वाचित घोषित किया गया एवं अन्य पदाधिकारी और सदस्यों का चयन किया गया. जिनको अजय मिश्रा, अनिल बहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह, बी.के. भारती, जे.पी. सोहगौरा, विनोद तिवारी, एन.पी.सिंह, सुरेश प्रजापति, के.पी. श्रीवास्तव, आर.एस. द्विवेदी, संजय भट्टाचार्य, आजाद खान, आरआर शर्मा एवं हरिशचन्द्र शुक्ला, मुनीन्द्र पाण्डेय द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचितों को बधाई दी गई.

### संस्थान श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम का करें उपयोग

**रीवा,** , जिला श्रम पदाधिकारी ने व्यावसायिक संस्थानों के संचालकों से श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम के उपयोग की अपील की है. श्रम पदाधिकारी ने कहा है कि रीवा जिले में संचालित सभी संस्थानों, पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों में बड़ी संख्या में मजदूर कार्यरत हैं. इन संस्थानों में मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण की व्यवस्थाओं के आधार पर श्रम विभाग द्वारा संस्थान को श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी

# ट्रैक्टर हादसे में घायल महिला की मौत, परिजनों ने थाने का किया घेराव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बधवा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई.**

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने नईगढ़ी थाने का घेराव कर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. मिली जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को बधवा गांव निवासी 35 वर्षीय सुशीला पटेल अपने घर के पास खड़ी थीं, तभी एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन बैक करते हुए उन्हें कुचल दिया. हादसे में सुशीला गंभीर रूप से घायल हो गईं. घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल रीवा के प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया. स्थिति में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर भेज दिया, जहां 28 अप्रैल को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. महिला का शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया. गुस्साए परिजन शव लेकर नईगढ़ी थाने पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया. परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची और अब तक आरोपी चालक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. परिजनों ने मांग की है कि आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए. वही थाने के घेराव के चलते क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही. पुलिस अधिकारियों ने मामला शांत कराया.

# तेज रफ्तार यात्री बस की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, सिरमौर मार्ग के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदून में तेज रफ्तार यात्री बस ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी दी. इस दौरान ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई है.**

घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑटो चालक को बस और ऑटो के बीच में से बाहर निकाला है जिसे तत्काल अस्पताल भेजा है लेकिन स्थानीय लोगों की माने तो ऑटो चालक की घटना स्तर पर ही मौत हो गई है वहीं पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है. घटना के संबंध में बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रगेश राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि काजल ट्रेवल्स की यात्री बस जो सिरमौर से रीवा की ओर जा रही थी जैसे ही ग्राम तेंदुन के समीप पहुंची तभी सामने से आ रही ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ऑटो चालक धीरेंद्र वर्मा निवासी माड़ो गंभीर रूप से घायल हो गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि उसे उपचार के लिए रीवा भेजा गया है वहीं घटना के प्रत्यक्षदर्शीयो ने बताया कि बस तेज रफ्तार से थी और रॉन्ग साइड में जाकर सामने से ऑटो को टक्कर मारी है जिसके बाद तकरीबन 25 फुट बस ऑटो को घसीटते हुए ले गई है. इस दौरान ऑटो चालक बस और ऑटो के बीच में फंसा रहा और चालक की मौत हो गई. अन्य यात्री सुरक्षित बच गये हल्की चोट आई.

### पति गया शादी में, पत्नी ने लगाई फांसी

रीवा के समान थाना क्षेत्र में एक महिला की फांसी के फंदे में लटकने के कारण मौत हो गई. घटना बीती रात तकरीबन 1:00 बजे की बताई जा रही है. मृतिका पुष्पा साकेत के पति संतोष साकेत ने बताया कि बीती रात उन दोनों के बीच मामूली विवाद हुआ था जिसके बाद वह वैवाहिक कार्यक्रम में चला गया. पति ने बताया कि देर रात जब वापस आया तो पत्नी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था. हालांकि दोनों के बीच किस तरह का विवाद हुआ था यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# पीएम सूर्य घर योजना से मिलेगी मुफ्त बिजली और होगा पर्यावरण संरक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है. इस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण भी होगा.**

ताप विद्युत केन्द्रों से बिजली उत्पादन के लिए भारी मात्रा में कोयले का दहन किया जाता है जो पर्यावरण के प्रतिकूल है. सोलर पैनल पूरी तरह से नि:शुल्क तथा पर्यावरण के अनुकूल है. बिजली का उपयोग करने वाले आवासीय घरों में सोलर पैनल लगवाकर बिजली के बिल में 30 से 70 प्रतिशत तक की कमी ला सकते हैं. इस संबंध में अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत दो किलोवाट तक की क्षमता वाले छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए 30 हजार प्रति किलोवाट वित्तीय सहायता दी जाती है. इसी तरह तीन किलोवाट अथवा उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल लगवाने पर 78 हजार का अनुदान दिया जा रहा है. सोलर से पर्यावरण का संरक्षण होता है.



नीट परीक्षा को लेकर केन्द्रो का निरीक्षण करते कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक

# शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में होगी नीट परीक्षा, कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, आगामी 3 मई को शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में एनटीए नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन किया जायेगा.**

परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान टीआरएस कालेज एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं. कलेक्टर ने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और सुगमता से परीक्षा संपन्न हो सके. निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य ने की गयी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया.

उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया है. यदि उम्मीदवार पारंपरिक पोशाक पहन रहे हैं तो उन्हें परीक्षा के दिन दोपहर 12.30 बजे तक आवंटित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा. शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में 5236 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो, पासपोर्ट साइज फोटो, किसी एक अधिकृत फोटो आईडी की मूल तथा वैध प्रति लाना होगा.

# पटवारी के साथ मारपीट पर संघ ने गिरफ्तारी को लेकर घेरा कलेक्टोरेट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, जिले की त्योंथर तहसील अंतर्गत हल्का बौना की है जहां हल्का पटवारी प्रमेंद्र कुमार के साथ शासकीय कार्य के दौरान हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है.**



घटना से आक्रोशित पटवारी संघ ने आज कलेक्ट्रेट का घेराव कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है, और गिरफ्तारी ना होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी है. दरअसल मारपीट की यह घटना दो दिन पूर्व की बताई गई है, जिसका विडियो भी शोसल मीडिया में वायरल हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को हल्का बौना में पटवारी प्रमेंद्र कुमार शासकीय आदेशानुसार सीमांकन कार्य कर रहे थे. इसी दौरान अपने पक्षकार के साथ पहुंचे अधिवक्ता अशोक तिवारी पर आरोप है की शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए पटवारी के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि जाति सूचक गालियों का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित भी किया.

फिलहाल घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें अधिवक्ता का आक्रामक व्यवहार स्पष्ट दिखाई दे रहा है. फिलहाल घटना के तुरंत बाद जनेह थाना में शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है, लेकिन गिरफ्तारी ना होने के उपरांत आज पटवारी संघ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर गिरफ्तारी की मांग की है.

# ऑटो चालक पर हमला करने वाला पकड़ाया

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माड़ो में दो ऑटो के बीच हुई साधारण टक्कर के बाद एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया था.**

मुखबिर से मिली सूचना के बाद बैकुंठपुर थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत ने अपनी टीम के साथ मिलकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. शिकायतकर्ता दिलीप कुमार साकेत उम 29 वर्ष निवासी ग्राम अतरैला थाना मनगवाँ ने शिकायत दर्ज कराया था कि आटो चलाता और दिनांक 21 अप्रैल को सुबह करीबन 5.30 बजे अपने घर अतरैला से आटो से रीवा जा रहा था. इसी दौरान रास्ते में माडौं स्कूल के पास अमित सिंह उर्फ गोलू पिता संतोष सिंह अपनी आटो लेकर आया और मेरी आटो में पीछे से ठोकर मार दिया और मेरे साथ हाथ मुक्का व डण्डे से मारपीट की. घटना के बाद से आरोपी फरार था जिसे मुखबिर की सूचना पुलिस पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

# बाइपास रोड में 10 तक शुरू हो जाएगा वाहनों का आना-जाना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 30 अप्रैल, बीहर नदी पर बाईपास में बनी पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन प्रभावित है. शहर के वाहनो के गुजरने के कारण लगातार जाम लग रहा है.**



30 अप्रैल तक मरम्मत कार्य पूरा होना था लेकिन समय लग रहा है. बाईपास से 10 मई तक वाहनों का आना जाना शुरू हो जाएगा. रीवा बायपास रोड के विस्तार का कार्य किया जा रहा है. इसमें बीहर नदी पर पूर्व से निर्मित पुल के सुधार के साथ-साथ नए पुल का निर्माण किया जा रहा है. जिसके कारण पुल से वाहनों का आवागमन बंद है. इस संबंध में महाप्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम अंशुल करोड़िया ने बताया कि पुल के सुधार का कार्य तेजी से जारी है. इसमें वर्तमान में ग्राइंडिंग, स्टेजिंग, जैक एवं ड्रिलिंग का कार्य किया जा चुका है. पुल को जंग रोधक बनाने, एपाक्सी ग्राउटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है. पुल में माइक्रो कंक्रीटिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है. पुल के सुधार का कार्य 10 मई तक पूरा हो जाएगा. इसके बाद पुल वाहनों के आवागमन के लिए उपलब्ध होगा. पुल के सुधार कार्य के लिए विशेषज्ञों की टीम तथा इंजीनियर लगातार प्रयास कर रहे हैं.

### कमिश्नर 7 को करेंगे लोक निर्माण विभाग की समीक्षा

**रीवा, 30 अप्रैल,** कमिश्नर बीएस जामोद 7 मई को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आरंभ होगी. बैठक में लोक निर्माण विभाग पीआईयू, सेतु निर्माण विभाग की समीक्षा की जाएगी. अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये.